राम का नाम लेकर जो मर जायेंगे

महल चौबारे तेरे साथ नहीं जायेंगे।
अपने पराये तेरे साथ नहीं जायेंगे।
जाये नेक कमाई तेरे साथ बन्दया।

राम का नाम लेकर जो मर जायेंगे,
वो अमर नाम दुनिया में कर जायेंगे।

ये न पूछो की मर कर किधर जायेंगे,
वो जिधर भेज देंगे उधर जायेंगे।
राम का नाम लेकर...

राजा राम राम राम सीता राम राम राम ॥

टूट जाए न माला हरी नाम की,
वरना अनमोल मोती बिखर जायेंगे ।
राम का नाम लेकर...

राम नाम की बेड़ी पे होकर सवार,
भव सागर से प्यारे हम तर जायेंगे।
राम का नाम लेकर...

आप मानो न मानो ख़ुशी आपकी,
हम मुसाफिर है कल अपने घर जायेंगे।
राम का नाम लेकर...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1470/title/ram-ka-naam-lekar-jo-mar-jayenge-vo-amar-naam-duniya-me-kar-jayenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |